## एक नजर

### निर्माण कार्य को लेकर मारपीट, वीडियो वायरल

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी शाहीन पुत्री अब्दुल कदीर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसके घर का छज्जा डाला जा रहा था। इसका मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने विरोध करते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर बाद मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामूली बात पर छोटे भाई भतीजी को पीटा, रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव अरसिया बोझ निवासी रामबेटी पत्नी रामलखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति 16 मार्च की दोपहर दो बजे गन्नस की बुवाई करने जा रहे थे। बैल खेत से निकालने को लेकर जेठ रामदयाल से कहासुनी हो गई। इसी में जेठ ने हमला कर पति की पिटाई कर दी। बचाने पहुंची पुत्री शिवानी को भी पीटा। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

### आयोग के निर्देश पर दर्ज हुई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** मानवाधिकार आयोग के आदेश पर पुलिस ने एक महिला से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें गांव के रामकृष्ण, कांताप्रसाद, ठाकुरप्रसाद, रविंद्र, अमरपाल, संतोष को आरोपी बनाया है। पीड़िता ने बताया कि 28 जुलाई 2023 की रात आरोपी उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडे से मारपीट की। पीड़िता से दुष्कर्म की कोशिश की गई।

# बजरी लदा ट्रक पलटा, बरेली हाईवे पांच घंटे जाम

## गर्मी और भूख-प्यास से परेशान रहे जाम में फंसे वाहनों में बैठे यात्री, घंटों पसीना बहाती रही तीन थानों की पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बजरी लदा ट्रक पलट जाने से मंगलवार को बरेली हाईवे करीब पांच घंटे जाम रहा। तीन थानों की पुलिस को जाम खुलवाने के लिए घंटों मशक्कत करने पड़ी। दोपहिया वाहन चालक तो इधर-उधर होकर किसी तरह निकल गए, लेकिन चार पहिया और बड़े वाहनों की कई किमी तक कतारें लगी रहीं। जाम में फंसे वाहनों में बैठे यात्री खासे परेशान रहे। पुलिस ने क्रेन से ट्रक हटवाकर किसी तरह जाम खुलवाया।

मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे बजर लदा एक ट्रक बरेली की तरफ से आया, जो जेएमबी तिराहा के पास पहुंचने पर सामने आ रहे दूसरे ट्रक को बचाने के के चक्कर में अचानक पलट गया। चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक पलटने से बजरी का ढेर हाईवे पर फैल गया, जिससे हाईवे पर जाम लग गया।

कुछ ही देर में हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बड़े वाहनों की आवाजाही बढ़ते ही हालात बदतर होते चले गए। लोग जाम में फंसे तो इधर-उधर नहीं जा पाए। शुरुआत में दोपहिया वाहन इधर-उधर होकर निकलते रहे। कुछ चालकों ने जल्दबाजी में अपने वाहन इधर-उधर से घुसा दिए, जिससे हालात और बिगड़ गए। फिर तो तीन से चार किमी तक वाहनों की कतार लग गई। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद, सुनगढ़ी और कोतवाली तीनों थानों से पुलिस पहुंच गई। मगर जाम इतना लंबा हो चुका था कि उसे खुलवाने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। फिर क्रेन मंगाकर पलटे ट्रक को हाईवे से हटवाया गया।

फिर हाईवे से बजरी का ढेर हटाया गया। इसके बाद एक-एक तरफ से वाहनों को लाइन में लगवाकर निकलवाना शुरू किया। फिर करीब एक घंटे तक वाहन रेंगते दिखाई दिए। आलम यह था कि हाईवे पर एक तरफ जहानाबाद रेलवे क्रासिंग, दूसरी तरफ ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी, असम चौराहा और चौथी तरफ मंडी समिति तक वाहनों की कतार लगी हुई थी।


जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के पास जाम में फंसे राहगीर। • अमृत विचार


बरेली हाईवे पर लगी वाहनों की कतार। • अमृत विचार



बरेली हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहनों की लगी लंबी लाइन। • अमृत विचार

### वाहन छोड़ पेड़ की छांव तलाशते रहे लोग

मंगलवार को तेज धूप खिली। ऐसे में तपती धूप में पांच घंटे तक बरेली हाईवे पर राहगीर जाम में फंस गए। बच्चे महिलाएं बुजुर्ग हर कोई पहले तो इंतजार करता रहा। वाहन निकालने की होड़ में आपस में उलझते भी रहे। मगर जब निजात नहीं मिली तो कई राहगीर वाहन खड़े कर हाईवे किनारे छांव तलाश कर बैठ गए। बच्चों का रोकर बुरा हाल रहा। उन्हें महिलाएं चुप कराने में जुटी रही। जाम में फंसे लोगों को पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ा।

### एंबुलेंस और रोडवेज बसें भी फंसी रहीं

बरेली हाईवे पर लगे जाम में होली की खरीदारी करने के लिए आ रहे ग्रामीण। दवा लेने को निकले मरीज व अन्य कामकाज को जा रहे लोग फंसे हुए थे। इसी बीच रोडवेज की कई बसें जाम में फंसी रही। जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। हालांकि किसी तरह पुलिस ने उन्हें रास्ता बनाकर निकलवा दिया।

> ट्रक पलटने से बरेली हाईवे पर जाम लग गया था। इसकी जानकारी लगते ही पुलिस बल मौके पर गया। क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाया गया और फिर यातायात सुचारू करा दिया गया था। किसी वाहन से बचाने के चक्कर में ट्रक पलटा था।
> **-पवन कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

# होली पर नगर पालिका कर्मियों को मिलेगा 15 दिनों का वेतन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शासन ने वेतन के लिए दिया दो करोड़ से अधिक का बजट**

**अमृत विचार :** शासन ने कर्मचारियों के मार्च के वेतन के लिए दो करोड़ से अधिक का बजट भेजा है। मगर मार्च का माह पूरा न होने के कारण पालिका की ओर से कर्मचारियों को अभी 15 दिन का वेतन मिल सकेगा। ताकि होली का पर्व मना सकें।

नगर पालिका पीलीभीत में करीब 450 सरकारी और अस्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। सरकारी सफाई कर्मचारियों की संख्या 154 और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की संख्या 196 हैं। जिन पर करीब पौने तीन करोड़ से अधिक का बजट खर्च होता है। मार्च माह के वेतन के पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति पर दो करोड़ 32 लाख 21 हजार 376 रुपये का बजट जारी किया है। मगर नगरपालिका के आगे संकट यह है कि वह मार्च का वेतन किस आधार पर जारी करें।

क्योंकि सरकारी नियमावली के तहत माह पूरा होने से पहले किसी को भुगतान नहीं दिया जा सकता है। ऐसे में नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल और ईओ लाल चंद भारती की ओर से अपने कर्मचारियों को होली के पर्व को देखते हुए 15 दिन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद विभाग की ओर से समस्त कर्मचारियों के बिल तैयार किए जा रहे हैं। होली से पहले कर्मचारियों के खाते में वेतन भेज दिया जाएगा।

पीलीभीत नगर पालिका के अलावा बीसलपुर नगरपालिका को 1,42,13,827 रुपये, पूरनपुर नगर पालिका को 72,27,928 रुपये बजट दिया गया है। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि होली को लेकर कर्मचारियों को 15 दिन का वेतन दिया जा रहा है।

चार दिन बाद होली है। इस मौके पर वेतन न मिलने से नगर पालिका के कर्मचारी खासे परेशान थे। इसको लेकर कर्मचारियों की ओर से मांग पत्र भी दिया गया था।

### सात नगर पंचायतों को भी जारी हुआ बजट

नगरपालिका के अलावा जिले की सात नगर पंचायतों को भी बजट आवंटित किया गया है। इसमें पकड़िया नौगवां को 31,01,645 रुपये, बरखेड़ा नगर पंचायत को 19,24,112 रुपये, बिलसंडा नगर पंचायत को 25,94,882 रुपये, गुलड़िया भिड़ारा को 9,20,188 रुपये, जहानाबाद नगर पंचायत को 23,19,446 रुपये, कलीनगर नगर पंचायत को 20,40,765 रुपये, न्यूरिया हुसैनपुर को 36,21,804 रुपये का बजट दिया गया है।

# बालाजी दरबार में भक्तों ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में मंगलवार को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने होली के बाबा के भजनों पर फूल-गुलाल से होली खेली। मनोकामना पूर्ति के लिए श्री हनुमान चालीसा के 11 पाठ विधि विधान से किए गए। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंदिर परिसर में बालाजी महाराज को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

शहर के काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महंत विशाल सेवक के सानिध्य में सुबह होली उत्सव संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी महाराज, श्री कोतवाल कप्तान और प्रेतराज सरकार के समक्ष दीप जलाकर की गई। इसके बाद मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा के 11 पाठ किए। श्रद्धालुओं ने बालाजी को गुलाल लगाकर मनोकामना की। बाबा के दरबार में बृज होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा ..होली गीत गाए गए। पुष्पों की होली भी खेली गई। इस मौके पर रवि, विशाल, अनुज, राखी, बॉबी चौधरी, जानू शर्मा, ऋषभ, रजनी मौर्या, मुकेश, उत्कर्ष सक्सेना, अमन आदि मौजूद रहे।


होली महोत्सव में भजनों पर झूमते भक्त। • अमृत विचार

- **श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में मनाया गया होली महोत्सव**


होली महोत्सव के दौरान बच्चे को गुलाल लगाते महंत विशाल

# पुलिस के सामने दो बच्चों की मां ने थामा प्रेमी का हाथ

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक का पड़ोस में रहने वाली महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामला चर्चा में आने पर प्रेमी काम करने दिल्ली चला गया। सप्ताह भर पहले महिला भी दोनों बच्चों को लेकर दिल्ली पहुंच गई। पति ने प्रेमी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने महिला को बच्चों सहित पकड़ लिया। महिला के प्रेमी को भी हिरासत में ले लिया। दोनों के कोतवाली पहुंचने की जानकारी लगते ही महिला का पति भी परिजनों को लेकर पहुंच गया। पुलिस के सामने ससुराल पक्ष के लोग महिला को घर ले जाने के लिए मनाते रहे। काफी देर तक मान मनौव्वल चलता रहा, लेकिन महिला नहीं मानी। उसने कोतवाली में ससुराल पक्ष और मायके वालों के सामने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने की बात कही। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों में वार्ता चल रही है।


# लाउडस्पीकर को लेकर दो पक्ष आए आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला तुलाराम बजरिया स्थित धार्मिक स्थल में सोमवार रात बगैर अनुमति के लाउडस्पीकर बजाने को लेकर दो समुदायों के लोग आमने -सामने आ आए, जिससे काफी देर तक हंगामा होता रहा। इससे इलाके में तनाव फैल गया। इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे एएसपी व सीओ सिटी ने सख्ती करके मामला शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके में पैदल मार्च किया। एहतियातन पुलिस तैनात कर दी गई है।

रमजान माह चलने के साथ होली नजदीक है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लाग चुकी है। इसी बीच सोमवार रात शहर के मोहल्ला तुलाराम बजरिया में स्थित एक इबादतगाह में तरावीह चल रही थी। मोहल्ले के कुछ लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल में प्रशासन की अनुमति लिए बगैर लाउडस्पीकर बजाया जा रहा था। वहीं, धार्मिक स्थल में आने वाले लोगों ने अपने वाहन आसपास घरों के बाहर खड़े कर दिए था, जिसका वहां के निवासियों ने विरोध किया। इसकी चर्चा फैली तो कुछ ही देर में लोग जमा हो और लाउडस्पीकर बजाने का विरोध करने लगे। इससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे हंगामा होने लगा। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इससे कुछ ही देर में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय, कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत कर शांत करने की कोशिश की। सीओ ने लाउडस्पीकर बजाने को प्रशासन से ली गई अनुमति दिखाने को कहा, जो दिखा नहीं पाए।

इसी बीच अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पहुंच गए। गजरौला व न्यूरिया समेत कई थानों की पुलिस बुला ली गई गई। प्रशासन की अनुमति के बगैर पुलिस ने लाउडस्पीकर बजाने से मना कर दिया, जिससे दूसरे पक्ष के लोग शांत हो गए। फिर सभी को घर भेज दिया गया। मामला शांत होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने शहर की मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान सड़क पर कुछ जगह अनावश्यक लोग खड़े दिखाई दिए, जिन्हें घर भेज दिया गया।


घटना के बाद मौके पर मौजूद अधिकारी और पुलिस के जवान। • अमृत विचार

> घरों के बाहर वाहन खड़ा करने और बिना अनुमति लाउडस्पीकर बजाने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत कर मामला शांत करा दिया। अब किसी तरह का तनाव नहीं है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। **-दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

# महिलाओं को बताए कानूनी अधिकार

**गजरौला, अमृत विचार:** गांव महुआ चक मुस्तकिल में जिला जज/ अपर जिला जज के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को टेली-लॉ साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। पीएलबी मनोज शर्मा ने महिलाओं को समान वेतन,कार्य स्थल पर हुए उत्पीड़न के खिलाफ,नाम न छापने का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ, मातृत्व संबंधी लाभ, रात्रि में गिरफ्तार न किए जाने ,संपत्ति आदि के अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण सबको सुलभ व सस्ता न्याय की अवधारणा पर कार्य कर रहा है। कानून का दुरुपयोग ना करें किसी पर फर्जी मुकदमे ना लिखाएं।

महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन 1090 नंबर डायल करें। शिविर में प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार,सहायक अध्यापिका दीपा नेगी,पंचायत सहायक खेमकरन, राकेश वर्मा, समूह सखी राजकुमारी, कोटेदार टीकाराम,हरिशंकर यादव, नन्हे लाल मौर्य आदि मौजूद रहे।


साक्षरता शिविर में मौजूद महिलाएं। • अमृत विचार

# कनाडा में रह रहे व्यक्ति के नाम कर दिया जमीन का पट्टा

संवाददाता, पूरनपुर

- **पट्टा निरस्तीकरण की रिपोर्ट एडीएम को भेजी गई, मुख्यमंत्री से शिकायत पर खुला मामला**

**अमृत विचार:** पौधरोपण के नाम पर आवंटित जमीन में गेहूं की फसल बो दी गई। आरोप है जिस व्यक्ति के नाम पर पट्टा आवंटित है वो कनाडा में रहता है। शिकायत के बाद जमीन पर पौधरोपण करा दिया गया। इस मामले की रिपोर्ट एडीएम को भेजी गई है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव उदयकरनपुर में कनाडा में रह रहे एक व्यक्ति के नाम पौधरोपण का पट्टा आवंटित कर दिया गया। गांव के निर्विकार सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 160 पर गेहूं की फसल खड़ी है। जबकि राजस्व विभाग में इस जमीन का पट्टा पौधरोपण के नाम है। जिस व्यक्ति के नाम पर पट्टा किया गया है वो पिछले 10 साल से कनाडा में रह रहा है और आर्थिक रूप से संपन्न है।

उन्होंने इस मामले की शिकायत की तो जांच के लिए राजस्व टीम बना दी गई। टीम ने मौके जाकर जांच की तो मिलीभगत के चलते पौधरोपण दर्शा दिया गया। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पट्टा निरस्तीकरण की रिपोर्ट एडीएम को भेजी गई है। उसे निरस्त कराया जाएगा।

# विभाग ने कोटेदारों को दिए नये सिम

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** कोटेदारों को विभाग की ओर से मंगलवार को नया सिम जारी कर दिया गया। इससे ई-वेइंग मशीन में नेटवर्क की समस्या दूर हो जाने की उम्मीद है।

राशन वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विभाग ने इस बार कोटेदारों को ई-वेइंग मशीन उपलब्ध कराई गई हैं, उससे कांटा भी अटैच किया गया है। इस व्यवस्था के चलते जब तक निर्धारित मात्रा में कार्ड धारक को राशन नहीं दिया जाएगा, तब तक मशीन ओके ही नहीं करेगी। इस नई व्यवस्था के चलते सबसे अधिक दिक्कत कोटेदारों के समक्ष नेटवर्क की आ रही है। कोटेदारों को राहत देने के उद्देश्य से विभाग ने मंगलवार को सभी कोटेदारों के लिए मोबाइल सिम कार्ड जारी कराया। हालांकि कोटेदारों ने सिम ले तो लिए, लेकिन उन्होंने यह कहकर ऐतराज किया है कि उनके गांव में संबंधित मोबाइल कंपनी का नेटवर्क ही नहीं है। ब्लॉक कार्यालय परिसर में विभागीय जिम्मेदारों ने सिम कार्ड देने के साथ ही कोटेदारों को आश्वस्त भी किया कि नेटवर्क की समस्या फिर भी बरकरार रही तो दूसरा विकल्प तलाशा जाएगा। इस मौके पर पिंकू सिंह यादव, भूरे यादव ,सुरेश सिंह, विशाल गौतम, अजय कुमार ,सुरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार आदि कोटेदार मौजूद रहे।


नया सिम लेने के लिए कार्यालय में जमा कोटेदार। • अमृत विचार

# कौशल तहसील अध्यक्ष व तारिक महामंत्री बने

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (युवा) के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने अमरिया में कौशल गुप्ता को तहसील अध्यक्ष और मोहम्मद तारिक रजा को तहसील महामंत्री मनोनीत किया है। युवा विंग के जिला महामंत्री राजन श्रीवास्तव ने नव मनोनीत पदाधिकारियों से 10 दिनों के भीतर कार्यकारिणी की सूची मांगी है। इस मौके पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, राजेश अग्रवाल, प्रकाशवीर सिंह, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, पंकज अग्रवाल रहे।

# 22 याड्र्स इनिशियम ने जीता फाइनल मैच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय यूनिटी कप क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। 22 याड्र्स इनिशियम ने केजीएन क्रिकेट क्लब को 65 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। अभिजीत को बेहतरीन प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 याड्र्स इनिशियम की टीम ने 29.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 235 रन बनाए। अभिजीत ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। जबकि यश मिश्रा ने 44, अनुभव ने 34, रिजवान ने 23 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएन क्रिकेट क्लब की टीम 24.1 ओवर में 170 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। उनकी तरफ से सर्वाधिक 45 रन दानिश मंकु ने बनाए। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

# अश्लील टिप्पणी कर फोटो वायरल किया

**पूरनपुर, अमृत विचार:** लखीमपुर की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर पूरनपुर के गांव भगवंतापुर निवासी युवक से दोस्ती हुई। वह युवती को बहन मानने लगा। कुछ दिन पहले युवती के भाई की शादी हुई। युवक भी जान पहचान होने पर शादी में पहुंच गया। उसने कुछ फोटो खिंचवाए और वापस चला गया। फिर युवती से फोन पर अश्लील बातें शुरु कर दीं। मना करने पर उसने धमकाने लगा। सोमवार को युवक ने शादी के दौरान युवती के साथ खींची गई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्राओं को स्वच्छता के बारे में बताया



स्प्रिंगडेल कॉलेज में आयोजि गोष्ठी में मौजूद छात्राएं। • अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में मंगलवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को जागरुक किया गया।

जिसमें छात्राओं को माहवारी और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। संगोष्ठी में कक्षा पांच से इंटर तक की छात्राओं को मासिक धर्म और किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वच्छ तथा स्वस्थ माहवारी के लिए पैड इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। छात्राओं को बताया गया कि माहवारी के समय फ्रिज का ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए और न ही कोई ठंडी चीज खानी चाहिए। माहवारी के समय स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। इससे सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए।

रमज़ान मुबारक
नौंवा रोज़ा इफ्तार - 20 मार्च 2024
सुन्नी - 06:25 बजे
शिया - 06:33 बजे
दसवीं रोज़ा सहरी - 21 मार्च 2024
सुन्नी - 04:52 बजे
शिया - 04:43 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेगा कलेक्ट्रेट परिसर

## नकटादाना चौराहे पर रोक दिए जाएंगे जुलूस में शामिल वाहन, प्रत्याशी के संग चार लोगों को जाने की अनुमति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहोगा। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ, इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही मुस्तैद रहेंगे। एक बटालियन पीएसी भी मौजूद रहेगी। कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की जा चुकी है। कलेक्ट्रेट जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए तीन स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। प्रत्याशी के साथ आने वाले जुलूस को नकटादाना चौराहे पर रोका जाएगा।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर कलेक्ट्रेट में बुधवार 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में संपन्न कराई जाएगी। इसको लेकर कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट तिराहे से लेकर नामांकन कक्ष तक मार्ग के दोनों ओर बैरीकेडिंग कराने के साथ उसे टिनशेड से ढका गया है। नामांकन कक्ष से लेकर विकास भवन गेट और विकास भवन गेट से टनकपुर तिराहे एवं टनकपुर तिराहे से नकटादाना चौराहे तक लॉ एंड आर्डर के लिए प्रशासनिक स्तर से अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। वाहन रोकने के लिए कलेक्ट्रेट तिराहा व नकटादाना चौराहे पर बैरियर लगाए गए हैं। प्रत्येक बैरियर पर पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। नामांकन के दौरान प्रत्याशी अनुमति लेकर जुलूस निकाल सकेंगे, लेकिन जुलूस को नकटादाना चौराहे पर लगे बैरियर पर रोका जाएगा। यहां से प्रत्याशी सिर्फ तीन वाहनों के साथ आगे जा सकेंगे। इन सभी वाहनों को तिराहे पर ही रोका जाएगा। वहीं, जुलूस में शामिल वाहनों को आयोग के निर्देशानुसार निश्चित फासला रखना होगा। ऐसा न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नामांकन कक्ष तक प्रत्याशी के अलावा सिर्फ चार लोग ही जा सकेंगे।



नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

### खुफिया कैमरों से होगी नामांकन कक्ष की निगहबानी

नामांकन कक्ष में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसको लेकर नामांकन कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया की अवधि के दौरान कैमरे लगातार संचालित रहेंगे। ताकि गड़बड़ी की आशंका होने पर फुटेज को चेक किया जा सके। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी समेत जाने वाले अन्य चार व्यक्ति मोबाइल फोन या कोई अन्य आपत्तिजनक वस्तु साथ नहीं ले सकेंगे। ऐसा करने पर प्रत्याशी पर आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई होगी। जबकि साथ गए व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

> नामांकन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन प्रक्रिया तय तिथियों पर सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित रहेगी। इस दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।
>
> **-संजय कुमार सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी

### एक बटालियन पीएसी, 125 पुलिस के जवान रहेंगे तैनात

**पीलीभीत।** बुधवार से शुरू हो रही नामांकन प्रक्रिया को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर कड़े बंदोबस्त किए हैं। अगर किसी ने सुरक्षा में खलल डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा एएसपी विक्रम दाहिया को दिया गया है। एसपी अविनाश पांडे ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान थाना पुलिस के अलावा एक बटालियन पीएसी के साथ कुल 125 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें दो सीओ, नौ इंस्पेक्टर, 15 सब इंस्पेक्टर, 24 हेड कांस्टेबल, 56 सिपाही, नौ महिला सिपाही को तैनात किया गया है।

| | |
|---|---|
| सीओ | दो |
| इंस्पेक्टर | 09 |
| सब इंस्पेक्टर | 15 |
| हेड कांस्टेबल | 24 |
| सिपाही – | 56 |
| महिला सिपाही | 09 |
| पीएसी | 01 बटालियन |
| यातायात पुलिस | 07 |

नामांकन कक्षों की बैरीकेडिंग करा दी गई है। कलेक्ट्रेट तिराहा से सिर्फ प्रत्याशी और प्रस्तावक को ही एंट्री दी जाएगी। साथ ही आसपास की दुकानें बंद रहेंगी। नामांकन कक्ष के अलावा बाहर भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

# कंट्रोल रूम में दर्ज नहीं की गईं एक दिन पहले की शिकायतें



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निरीक्षण में अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** डीएम को जिला कंट्रोल रूम में निरीक्षण के दौरान एक दिन पूर्व की शिकायतें रजिस्टर में दर्ज नहीं मिलीं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव की सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह ने जिला कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।उन्होंने मौजूद कर्मचारी से कंट्रोल रूम में आने वाली सूचना संबंधी रजिस्टर समेत अन्य रजिस्टरों के बारे में जानकारी की। इस दौरान कंट्रोल रूम में बिजली व अन्य व्यवस्थाएं चरमराई मिलीं। उन्होंने कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों के बारे में जानकारी की गई तो बताया कि दो शिकायतें आई थी। जिसमें एक शिकायत को संबंधित अधिकारी को निस्तारण के लिए भेजा गया है, जबकि दूसरी शिकायत किसी अन्य से संबंधित थी। निरीक्षण के दौरान दोनों शिकायतें संबंधित रजिस्टर में दर्ज नहीं पाई गई।

इस पर कंट्रोल रूम की नोडल जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता को बुलाकर उनसे जानकारी ली गई। डीएम ने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए तत्काल व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त ऋतु पूनिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### विपक्षी पार्टियां दूसरे और तीसरे नंबर के लिए लड़ेंगी



**बिलसंडा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी, जबकि विपक्षी पार्टियां केवल दूसरे व तीसरे नंबर के लिए चुनाव लड़ेंगी। यह बात मंगलवार को भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कही। लखनऊ जाते वक्त वह बीसलपुर पालिकाध्यक्ष शशि जायसवाल व भाजपा नेता अमन जायसवाल निक्की के बिलसंडा स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक आज भाजपा का बोल बाला है। जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश की सत्ता सौंपने का निर्णय कर चुकी है। बोले कि मोदी सरकार में हुए कामों का विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं है।

### पंजे में फंसाकर महिला का पर्स ले गई चील

**बरखेड़ा।** मायके जा रही महिला का नगदी समेत पर्स चील अपने पंजे में दबाकर ले गई। ग्राम गंजरिहा निवासी चंद्रपाल मंगलवार सुबह पत्नी ओमवती के साथ बाइक से कस्बा बरखेड़ा पहुंचे। चंद्रपाल ने ब्लॉक तिराहा पहुंचकर पत्नी को बाइक से उतार दिया और 10 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद वह सीएचसी दवा लेने चले गए। उसकी पत्नी ने रुपये अपने पर्स में रख लिए। उसके पर्स में दो हजार रुपये पहले से थे। तभी अचानक एक चील उड़कर आई और पर्स को पंजे में फंसाकर ले गई। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। पहले तो लोगों को लगा कि स्नेचिंग की घटना हुई है। मगर जब चील के पर्स ले जाने का पता चला तो सभी दंग रह गए। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी की।

### उधार के रुपये मांगने पर पीटकर घायल किया

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव लाह के निवासी तेजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसके सुरेश पर 11 हजार रुपये हैं। मंगलवार को जब रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज कर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# चर्चाओं में गुजरा दिन, सस्पेंस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंगलवार देर शाम तक होता रहा भाजपा की सूची का इंतजार, कई नामों पर होती रही चर्चा
- समाजवादी पार्टी में भी रही हलचल जिला कमेटी के पदाधिकारियों संग अखिलेश यादव ने किया मंथन

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मगर अभी तक बसपा को छोड़ किसी भी दल ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। खासकर भाजपा के टिकट को लेकर सस्पेंस और बढ़ गया है। वहीं, सपा में भी टिकट को लेकर पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी के साथ लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश मंथन में किया।

इस बार के लोकसभा चुनाव में पीलीभीत सीट हाईप्रोफाइल बन चुकी है। सभी की निगाहें भाजपा प्रत्याशी की घोषणा पर टिकी हुई है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की तीसरी सूची का इंतजार किया जाता रहा। दिन भर में कई तरह की चर्चाएं तेज रही। एक खेमा वरुण गांधी के टिकट कटने की चर्चा कर रहा तो दूसरा खेमा वरुण का टिकट तय बताता रहा। कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के टिकट की भी दोपहर बाद चर्चाएं अचानक तेज हो गईं। मगर सूची घोषित न होने पर ये सब कयासों तक ही सीमित रह गया। अन्य दावेदारों के नाम को लेकर भी समर्थक दावे करने में जुटे रहे। उधर, समाजवादी पार्टी में चुनावी हलचल दिखी। पीलीभीत जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव, यूसुफ कादरी, असलम जावेद समेत कई नेताओं को बुलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने टिकट को लेकर मंथन किया। इसके फोटो भी जिला कार्यकारिणी की ओर से सोशल मीडिया पर डाले हैं। अखिलेश चादव ने जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा करने का संकेत दिया। मगर देर शाम तक सपा के प्रत्याशी की घोषणा भी नहीं हो सकी। ऐसे में हर दोनों ही दलों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाते रहे। माना जा रहा है कि प्रत्याशी का चयन तो लगभग दोनों ही दल कर चुके हैं, लेकिन सपा को पहले भाजपा की सूची आने का इंतजार है।



पीलीभीत की जिला कमेटी के साथ मंथन करते सपा मुखिया अखिलेश यादव।

## पैनल की रिपोर्ट पर ही कटेगी चुनाव ड्यूटी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में तैयारियों तेजी से चल रही हैं। मतदान कराने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी तय की जाने लगी है। ऐसे में चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए आने वाले दिनों में मतदान कार्मिक किसी न किसी कारण को दिखाते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान वास्तविक जरूरतमंद कार्मिक को ड्यूटी से मुक्त किया जाए। जिसमें स्वस्थ्य संबंधी बीमारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर डॉक्टरों का एक पैनल गठित किया गया है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार की ओर से तीन सदस्यीय मेडिकल पैनल गठित किया है। पैनल में सहायक आचार्य जनरल मेडिसिन डॉ. मनीष कुमार, सहायक आचार्य जनरल सर्जरी डॉ. रतिका अग्रवाल और सहायक आचार्य स्त्री रोग डॉ. रूपल खरे शामिल की गई है, जोकि कर्मियों की जांच करेंगे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही ड्यूटी कटेगी।

# नामांकन फॉर्म में कोई कॉलम खाली छोड़ा तो खारिज हो सकता है पर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आपराधिक पृष्ठभूमि के साथ पांच साल के रिटर्न का देना होगा ब्योरा
- चार से अधिक नामांकन दाखिल कर सकेंगे उम्मीदवार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जो 27 मार्च तक जारी रहेगी। नामांकन दाखिल करने के दौरान उम्मीदवारों को खासी सजगता बरतनी होगी। जरा सी चूक में नामांकन निरस्त हो सकता है। इस बार नामांकन के लिए फार्म-26 में एक शपथ पत्र लगाना होगा, जिसमें आयकर रिटर्न, सोशल मीडिया पर बने सभी अकाउंट आदि का विवरण भरना होगा।

निर्वाचन आयोग की जारी गाइडलाइन के मुताबिक नामांकन कराने का समय पूर्वाह्न 11 से अपराह्न तीन बजे तक होगा। नामांकन प्रक्रिया के नामित किए गए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने फार्म में दिए गए सभी कॉलम भरने अनिवार्य कर दिए हैं। गाइड लाइन के मुताबिक नामांकन के दौरान शपथ पत्र के किसी कॉलम में यदि कोई सूचना उम्मीदवार से से संबंधित नहीं है तो वह इस कॉलम में लागू नहीं है, लिखेंगे।

यदि लागू है तो पूरा विवरण दिया जाएगा, लेकिन इसे खाली नहीं छोड़ें। शपथपत्र में उम्मीदवारों को अपने बारे में आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्तियों, देनदारी और शिक्षा आदि की संपूर्ण जानकारी सहित विवरण देना होगा। इसके साथ ही परिवार के सभी सदस्यों, पांच साल का आयकर रिटर्न, यदि पत्नी भी आयकरदाता तो उनका भी पांच साल का आयकर रिटर्न, सोशल मीडिया पर बने अकाउंट आदि का विवरण भी भरना होगा।

नामांकन पत्र विधिवत रूप से सत्यापित होने के साथ ही जमा करने से पूर्व प्रत्याशी अपने स्तर से नामांकन पत्र की समुचित जांच करा लें। एक भी कॉलम अगर गलती से भी छूट गया तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। वहीं एक उम्मीदवार चार सेट से अधिक दाखिल नहीं कर सकेगा।

### 25 हजार रुपये रहेगी जमानत राशि

सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 25 हजार रुपये जमानत राशि जमा करनी होगी। वहीं आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को साढ़े बारह हजार रुपये धनराशि देनी होगी। भुगतान बैंक चालान से कराना होगा। चुनाव में खर्च के लिए प्रत्याशी द्वारा बैंक में नया खाता खुलवाना अनिवार्य है। चुनाव के लिए सभी खर्च उसे इसी खाते से करने होंगे।

## पुलिस ने जिला बदर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जहानाबाद, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस की ओर से लगातार गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच जहानाबाद पुलिस ने जिला बदर किए जा चुके युवक को गांव में रहते पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि सोमवार रात पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी जिला बदर आरोपी गौनेरीदान निवासी सलीम खां पुत्र वली खां के गांव में रहने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस बरामद हुए। आर्म्स एक्ट की अलग से रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने चमचम नष्ट कराई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** होली के मद्‌देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी तेज बहादुर सिंह, शांतनु कुमार, प्रेम कुमार यादव ने गौहनिया चौराहा स्थित बंगाली मिष्ठान भंडार की दुकान पर छापा मारा।

इस दौरान टीम ने बर्फी का नमूना लिया। रेलवे स्टेशन चौराहा स्थित सौरभ जायसवाल की दुकान पर भी गए। यहां चमचम खराब निकली। टीम ने मौके पर पांच किलो चमचम नष्ट कराई गई। इसके बाद टीम ने गौरव अग्रवाल निवासी मोहल्ला पूरनमल के यहां मावा का नमूना लिया। एक अन्य दुकान से पापड़ का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार ने मोहल्ला शेर मोहम्मद में केले का नमूना लिया। जहानाबाद बाईपास रोड से रमेश मिष्ठान भंडार से सोन पापड़ी का नमूना जांच के लिए लिया है। सहायक आयुक्त खाद्य शशांक त्रिपाठी ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है।



दुकान पर खराब मिली चमचम नष्ट करते एफएसडीए टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

## कचहरी से लौट रही विवाहिता को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अवध नगर कॉलोनी निवासी प्रज्ञा मिश्रा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2015 में बरेली के संजय नगर होली चौराहा निवासी अभिषेक शंखधार से हुई थी। 19 अक्टूबर 2021 को ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाल दिया था। पति पर भरण पोषण का मुकदमा भी पीड़िता ने डाला है। जिसकी 11 मार्च को तारीख थी। वह कचीरी से तारीख पर होकर वापस आ रही थी। दोपहर 12 बजे पति अभिषेक कार से साथियों संग और मारपीट की। मुकदमा वापस न लेने पर भाई व पिता मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में अभिषेक शंखधार, विचित्र शंखधार व दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घास काटने गए युवक पर बाघ का हमला, घायल

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** घास काटने के दौरान एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। साथियों के शोर मचाने पर बाघ युवक को छोड़कर भाग गया। हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना महोफ रेंज के जंगल की बताई जा रही है। घटनास्थल को लेकर वन विभाग जांच में जुटा है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव मल्लपुर निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ घास काटने के लिए घर से निकला था। धर्मेंद्र व उसके साथी महोफ रेंज में जा पहुंचे। जहां सभी घास की कटाई कर रहे थे। इसी बीच एक बाघ ने धर्मेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। बाघ को देख उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

बताते हैं कि शोरकरने पर बाघ युवक को छोड़कर वहां से भाग गया। धर्मेंद्र को उसके साथी व अन्य ग्रामीण जिला अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया।

> इस घटना की जानकारी मिली है। घटनास्थल को लेकर सच्चाई जानने का प्रयास किया जा रहा है। घटना जंगल क्षेत्र की है या कहीं अन्य की है। इसका खुलासा जांच के बाद हो सकेगा। **-सहेंद्र यादव**, वन क्षेत्राधिकारी, महोफ रेंज

# कोतवाली में शहीद की बेटी और महिला दरोगा में हाथापाई

संवाददाता, पूरनपुर

- दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में लगाई फाइनल रिपोर्ट लेने पहुंची थी शहीद की बेटी
- दरोगा ने कोर्ट से प्राप्त करने को कहा तो बिगड़ी बात, पुलिस कार्रवाई में जुटी

**अमृत विचार:** पूरनपुर कोतवाली परिसर में एक महिला दरोगा और कारगिल शहीद की बेटी के बीच जमकर हाथापाई हुई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल बीच बचाव कराया। इस मामले में महिला दरोगा ने सरकारी काम में बाधा, गला दबाकर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जबकि शहीद की बेटी ने रिश्वत मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर की अशोक कॉलोनी की रहने वाली पलविंदर कौर कारगिल शहीद सुरेंद्र सिंह लवाना की बेटी हैं। ससुराल से विवाद होने पर करीब दो माह पूर्व पलविंदर कौर ने पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों में समझौता होने पर पुलिस ने मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। विवेचना महिला उपनिरीक्षक अनुराधा वर्मा ने की थी।

मंगलवार को पलविंदर कौर फाइनल रिपोर्ट की कॉपी लेने कोतवाली पहुंची। दरोगा अनुराधा वर्मा महिला हेल्प डेस्क पर बैठी थीं। उन्होंने फाइनल रिपोर्ट की प्रति कोर्ट से लेने की बात कह दी। इस पर पलविंदर कौर व महिला दरोगा के बीच नोकझोंक के बाद हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट होती देख कोतवाली में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने दौड़कर बीच बचाव कराया। मारपीट में पलविंदर और अनुराधा वर्मा दोनों जख्मी हो गईं। महिला दरोगा अनुराधा ने पलविंदर कौर के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इसमें गला दबाकर हत्या का प्रयास करने, लोकसेवक के साथ मारपीट करने, सरकारी काम में बाधा डालने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। सीओ आलोक सिंह को भी अवगत कराया। पुलिस ने दारोगा का मेडिकल कराया।

उधर, पलविंदर कौर का आरोप है कि वह एफआर की प्रति लेने गईं तो दरोगा ने रिश्वत मांगी। रिश्वत देने से मना किया तो मारपीट की। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने आनन फानन में फाइनल रिपोर्ट की कॉपी पलविंदर कौर को दे दी।



मारपीट में जख्मी पलविंदर कौर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराने पहुंची महिला दरोगा।

> कोतवाली में घुसकर महिला दरोगा के साथ मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। दूसरी ओर से तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी। **-संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

# टीमें सक्रिय, वाहनों की हो रही चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वोटरों को प्रलोभन देने और नगदी इधर-उधर ले जाने वालों पर रहेगी खास नजर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर गठित की गई फ्लाइंग स्क्वायड एवं स्टेटिक सर्विलांस टीमें सक्रिय हो गई है। ये टीमें चुनाव के दौरान वोटरों को प्रलोभन देने वालों एवं नगदी की आवाजाही पर नजर रखेंगी। किसी भी तरह का मामला प्रकाश में आने पर संबंधित अधिकारियों को रिपोर्टिंग करेंगी।

लोकसभा चुनाव में वोटरों को प्रलोभन देने के लिए नगदी के प्रवाह एवं उपहार पर निर्वाचन आयोग की नजर रहेगी। इसको लेकर विधानसभावार 45 फ्लाइंग स्क्वायड और 63 स्टेटिक सर्विलांस टीमों को गठन किया गया है। गाइडलाइन के मुताबिक अगर किसी वाहन से चेकिंग के दौरान 50 हजार व उससे अधिक नकदी बरामद होती है, तो यह मामला जांच का है और इस मामले में उड़नदस्ता दल से जुड़े अधिकारी कार्रवाई करेंगे। साथ ही जांच में यह सुनिश्चित करेंगे कि इतनी बड़ी रकम कहां से लाई गई और किस उद्देश्य से कहां ले जाई जा रही है। एक लाख से अधिक की धनराशि मिलने पर संबंधित को इससे संबंधित कागजात दिखाने होंगे। ऐसा न करने पर धनराशि जब्त कर ली जाएगी। कार्रवाई के दौरान वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

इधर, बुधवार को सभी विधान क्षेत्रों में टीमों को सक्रिय कर दिया जाएगा। टीमें वाहन से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। टीमों की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई गई है। यदि कहीं कोई मामला प्रकाश में आता है तो इसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित टीम को देनी होगी।

टीम में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, कोषाधिकारी को शामिल किया गया है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि टीमों को विधानसभावार सक्रिय किया गया है। यदि कहीं कोई मामला प्रकाश में आता है तो निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।



हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर

समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया



फालिज

जोड़ों एवं नसों का दर्द

झनझनाहट

सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल

जगतपुर रोड, बरेली

9267043010



जे. पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक

रविवार अवकाश


# होली पर संभलकर मचाएं हुड़दंग...गड्ढेदार हैं सड़कें

## शहर की मुख्य सड़कें उखड़ने के बाद हो गईं गड्ढेदार, मरम्मत के नाम पर कर दी गई खानापूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** होली के दिन रंगों से सराबोर हुरियारे सड़कों पर हुड़दंग करते नजर आते हैं। मगर अबकी बार शहर की सड़कें उखड़ने के बाद गड्ढेदार हो गईं। इसलिए हुड़दंग के दौरान हुरियारों को सतर्क रहना होगा। खासकर बाइकर्स को वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने होगी।

वरना हादसे का शिकार हो सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन ने होली के मौके पर भी सड़कों की मरम्मत नहीं कराई, जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। शहर की सड़कों लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। पहले तो पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत का काम अभी तक नहीं हो सका।

इसे लेकर पूर्व में विरोध और शिकायतें हुईं तो मिट्टी और मलबा डालकर पाटकर औपचारिकता निभा दी गई। मगर मलबा ज्यादा दिन तक नहीं टिक सका। होली पर ज्यादातर लोग मस्ती में झूमते नाचते हैं। वहीं रंग से बचने के लिए वाहन अचानक तेज दौड़ा देते हैं। तमाम युवा बाइक पर सवार होकर फर्राटा भरते हैं। ऐसे में खुदी और जर्जर सड़कें मुसीबत का सबब बन सकती है। नगर पालिका प्रशासन तो सुधार कराना भूल गया। ऐसे में खुद को हादसे से बचाने के लिए वाहन सवारों को ही सतर्कता बरतनी होगी।

### यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग



गैस चौराहा से मां यशवंतरी देवी मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क पर देशनगर मढिया के पहले का हिस्सा लंबे समय से जर्जर है। उखड़ी पड़ी सड़क से कई बार हादसे हो भी चुके हैं। इसकी मरम्मत कराने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब होली नजदीक आने पर इस उखड़ी सड़क से हादसे का डर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई साल हो गए। पहले सड़क पर मामूली सा गड्ढा हुआ था, उसे ठीक नहीं कराया गया और अब तक बड़े गड्ढे हो चुके हैं।

### बिजली घर तिराहा



बिजली घर तिराहा का हाल भी बेहाल है। लाल रोड की तरफ जाने वाले मोड़ पर ही सड़क उखड़ी और बड़ा गड्ढा है। यहां पर पत्थर भी डालकर छोड़ दिए गए हैं। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी अधिक रहती है। आम दिनों में ही यहां से वाहन निकालते वक्त हादसे का डर बना रहता है। ऐसे में होली के मौके पर तो बाइकर्स को विशेष सावधानी बरतनी होनी। हल्की सी चूक हादसे का शिकार बना सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार ई-रिक्शा पलट जाते हैं तो बाइकर्स भी गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

### आयुर्वेदिक कॉलेज मार्ग



बीते साल कोतवाली से आयुर्वेदिक कॉलेज मार्ग पर पाइप लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई हुई थी। उस वक्त लोगों को खासा दिक्कत भी हुई थी। जिम्मेदारों ने भी सख्ती के दावे कर कार्य समाप्त होने पर सड़क को समतल कराने का भरोसा दिलाया था। मगर इसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। वहीं, इस मुख्य मार्ग से मोहल्ला डालचंद को एक रास्ता कटी है। उसके मोड़ पर ही नाली के किनारे सड़क धंसी हुई है। मुख्य सड़क पहले ही उखड़ी है। बाइकर्स के गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

### नई तहसील मोड़



यह तस्वीर नई तहसील के बाहर मोड़ की है। सामने ही आयुर्वेदिक कॉलेज है। कचहरी जाने के लिए भी लोग इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। जिम्मेदारों की भी दिन रात आवाजाही रहती है। मोड़ पर ही कई पत्थर डले हुए हैं। होली पर्व के दिन वाहन सवारों को इस मार्ग से गुजरते वक्त सर्वाधिक सावधानी बरतनी पड़ेगी। आलम यह है कि अगर पत्थर से टकराए भी तो हादसा तय है। इसका समाधान कराने की जहमत तक नहीं उठाई जा सकी है।

जिन इलाकों में सड़कें जर्जर और गहरे गड्ढे हैं। उनकी मरम्मत कराने के लिए पूर्व में ही वर्कआर्डर जारी कर दिया गया था। इसे होली को देखते हुए ही किया गया है। होली तक समस्त गड्ढों का सुधार करा दिया जाएगा। 11 सड़कों का भी काम चल रहा है। - **डॉ. आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन, नगर पालिका पीलीभीत

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए।

दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी कुंवरसेन अपनी बाइक से राजगीरी का कार्य निपटाकर बीसलपुर किसी कार्य से आ रहे थे। भसूड़ा पुलिया के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उधर गांव परसिया निवासी अंगनलाल गांव के बाहर खड़ा था। तभी बुग्गी चालक ईंटें भरकर लाया। उसके कहने पर अंगन बुग्गी में धक्का लगाने लगा। बुग्गी पीछे खिसकने से उसके पैर की हड्डी टूट गई। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मूल्यांकन का बहिष्कार कर जताया विरोध

- मुजफ्फरनगर के हत्याकांड को लेकर हड़ताल पर रहे शिक्षक
- मृतक के परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर में उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आए वाराणसी के शिक्षक की सिपाही ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर शिक्षक संगठन में उबाल है। मंगलवार को शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि शिक्षक की हत्या करने वाले सिपाही को सख्त सजा दी जाए। साथ ही शिक्षक के परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। कॉपियों को भेजने की जिम्मेदारी से शिक्षकों को मुक्त करने का भी मुद्दा उठाया है।

मंगलवार को जनपद भर के शिक्षक हड़ताल पर रहे। ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे यूपी बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया। शिक्षक की मौत को लेकर प्रदर्शन किया गया। वित्त विहीन शिक्षक महासभा, राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट समेत विभिन्न गुटों के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी को सौंपा। इसमें कहा गया कि आरोपी सिपाही को बर्खास्त कर उसे सजा दी जाए। शिक्षक के परिवार को 10 करोड़ की अनुग्रह धनराशि देने के अलावा मृतक शिक्षक के शिशु पालन पोषण शिक्षा और चिकित्सीय सुविधा प्रदान कराई जाए। साथ ही परिवार के सदस्य को द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरी दी जाए। घटना से सबक लेते हुए भविष्य में किसी भी शिक्षक की कॉपियों को पहुंचाने के लिए ड्यूटी न लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में डॉ. वीर सिंह आजाद, महेंद्र पाल गंगवार, चंद्रपाल गंगवार, लक्ष्मीकांत शर्मा, सतीश चंद्र, लोकेश कुमार, एस के गंगवार, जी पी गंगवार, डॉ. योगेश कुमार आदि थे।



ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। • अमृत विचार


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059


# नहर में अवैध खनन जारी

**बिलसंडा, अमृत विचार:** पुलिस प्रशासन की अनदेखी से खुलेआम निगोही ब्रांच नहर से रेत खनन जारी है। नहर की पटरियों की मिट्टी और अंदर से रेत का खनन किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनदेखा कर रहे है। नहर की पटरियों से मिट्टी और नहर से रेत खनन करने में जरा सी भी हिचक नहीं है। रात में ही नहीं, बल्कि दिन में भी खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ रही हैं। करेली माइनर और निगोही ब्रांच नहर की पटरियों पर खनन का तेजी से चल रहा है। खनन की वजह से नहर की पटरियां पानी अने पर फटने की आशंका रहती है।

# मतदान के लिए किया जागरूक



एआरपी मोइन खां का स्वागत करती महिला। • अमृत विचार

**बीसलपुर , अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय दुबे में मंगलवार को शिक्षक संकुल स्तरीय बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जागरूक किया गया।

बैठक में निपुण लक्ष्यों की समय प्राप्ति के लिए आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उन्हें दूर करने के उपायों पर विचार विमर्श किया गया। एआरपी मुईन अहमद खां ने स्वीप कार्यक्रम के विषय में बताया। उपस्थित अभिभावकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। संदीप कुमार, मीनू, आलोक कुमार, रेहान चिश्ती ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में रामकिशोर, विशाल सक्सेना, ज़ेबा शोएब सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे। क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुईं।

# शिकायत हो तो व्यय प्रेक्षक को फोन करें

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन होने है। दिनभर चली तैयारियों के बाद मंगलवार रात जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, अप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया समेत कई अफसरों ने कलेक्ट्रेट तिराहा पहुंचकर बैरिकेडिंग व्यवस्था देखी। इसके बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उधर, व्यय प्रेक्षक के तौर पर सुब्रानिल दास को जिम्मेदारी दी गई। वह बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र देखेंगे। अगर किसी को किसी तरह की कोई शिकायत हो तो वह उनके नंबर 8979436820 पर कॉल करके कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन की समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है।



मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।

# सियासी दलों के प्रतिनिधियों को समझाए कायदे-कानून

## चुनाव खर्च सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित, डीएम ने कहा- दैनिक खर्च को व्यय लेखा में अंकित करें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों को चुनावी खर्च की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। उम्मीदवारों को चुनावी खर्च के लिए बैंक में अलग-अलग खाता खुलवाना होगा। बैंक में खर्च का ब्यौरा दर्ज कराना होगा।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर आयोग की ओर से व्यय मद की दरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही लेखा व्यय सही न होने पर आयोग की ओर से कार्रवाई के दिए गए निर्देशों के बारे में भी बताया। साथ ही कहा कि सभी राजनैतिक दल दैनिक खर्च होने वाली रकम का मदवार व्यय लेखा में अंकन करें। इससे जांच के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आयोग की जवाबदेही से भी बचें। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, सी-विजिल, वोटर हेल्पलाइन एप, सुविधा एप सहित अन्य लिंक सहित राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा, व्यय लेखों के संरक्षण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया और इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों से उनके स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो और अन्य होने वाले चुनावी आयोजनों के लिए खर्च के प्रावधान की भी जानकारी दी।

बैठक में प्रभारी अधिकारी व्यय/ वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, एसडीएम रेनू मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह।

### प्रचार वाहनों, कार्यालय व सभा की अनुमति लेना जरूरी

डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को प्रचार वाहनों, चुनाव कार्यालय, सभा आदि के लिए अनुमति लेना जरूरी है। वाहनों के कागज वैध होने चाहिए। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक होने वाले कार्यों का लेखा-जोखा भी देंगे। समय-समय पर उसका सक्षम अधिकारी की ओर से मिलान किया जाएगा। प्रचार-प्रसार सामग्री प्रयोग की का लेखा-जोखा विधिवत निर्धारित पंजिका में अंकित करेंगे। निर्वाचन से संबंधित शिकायत करने और नियत समय के तहत निस्तारण के लिए सी-विजिल एप का प्रयोग भी किया जा सकता है।

## कृषि प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कराई जाएगी तैयारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** छह जून को होने वाली यूपी टेट 2024 की परीक्षा में कृषि विश्वविद्यालय में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिये नगर के उन्नकिसेस कृषि संस्थान द्वारा 500 रुपया रजिस्ट्रेशन फीस के साथ निशुल्क शिक्षण कार्य कराया जाएगा। संस्थान के संस्थापक संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया ने बताया कि केवल कुछ शिक्षण सामग्री के शुल्क के साथ 75 दिन में प्रत्येक दिन पांच घंटे की कक्षाएं संचालित की जाएगी। पूरा शिक्षण कार्य निशुल्क चलाया जाएगा। नगर और आसपास के कृषि के छात्र जो कि आर्थिक रूप से कमजोर हैं, कृषि विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने हेतु सक्षम नहीं होते हैं। उनके लिए यह संस्थान सहायतार्थ प्रत्येक वर्ष कोर्स चलाएगा ताकि मेधावी कृषि छात्रों का कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य सुनिश्चित हो सके और आर्थिक अभाव में कोई छात्र प्रवेश पाने से वंचित न रहे।

## सार-संक्षेप

### डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग



**लखीमपुर खीरी।** अनुबंधित बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन शाखा लखीमपुर डिपो के पदाधिकारियों ने एसपी को ज्ञापन देकर राजापुर और एलआरपी चौराहे से संचालित होने वाले डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है। लखीमपुर डिपो के शाखा अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजाना लखनऊ से लेकर गोला आदि रूट पर राजापुर और एलआरपी से डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। इसमें बसों से लेकर मैजिक और टैक्सी तक शामिल हैं। इन दोनो चौराहों पर इन अवैध वाहनों के चालक परिचालक कम किराए हवाला देकर यात्रियों को सफर करवा रहे हैं। इससे प्रदेश सरकार को जहां राजस्व की हानि हो रही है तो वहीं बस मालिकों को भी घाटा हो रहा है। इससे बस संचालन में आने वाला दैनिक खर्च तक निकलना मुश्किल हो रहा है। एसोसिएशन के लोगों ने एसपी को ज्ञापन देकर डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के साथ एलआरपी और राजापुर को इनके चंगुल से मुक्त कराने की मांग की है। इस दौरान संगठन के तमाम अनुबंधित बस मालिक मौजूद रहे।

### मंडलीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में दूसरे नंबर पर रहीं शुभी



**लखीमपुर खीरी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से मंगलवार को मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता लखनऊ के विज्ञान भवन में हुई। इस प्रतियोगिता में सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा शुभी दूसरे नंबर रही। जबकि पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज की रूपक वर्मा सांत्वना पुरस्कार की प्रथम विजेता रहीं। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि इसमें मंडल के छह जिलों के 40 छात्र-छात्राओं ने मॉडल प्रस्तुत किए। इनके विजेताओं को नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. डीबी सिंह, डॉ. विनोदिनी कटियार, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल रेखा दिवाकर, डीआईओएस राकेश कुमार, जिला समन्वयक डॉ. डीबी सिंह, मौजूद रहे। संचालन वंदना तिवारी ने किया।

### विष्णु महायज्ञ में सुनाया श्रीराम सीता विवाह का प्रसंग



**केशवापुर।** शेरपुर सेमरई में हो रही प्रथम श्री विष्णु महायज्ञ में कथा के चौथे दिन कथा व्यास पं.हेमंत मिश्र शास्त्री ने श्रीराम सीता विवाह का संगीतमयी प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं शिवप्रकाश के सानिध्य में हो रही भागवत कथा सुनाते हुए कथा व्यास श्री मिश्र ने बताया कि जिस समय जनकपुर में स्वयंवर के लिए शतानंद जी विश्वामित्र को बुलाने आये तो विश्वामित्र जी कहने लगे देखो आज विधाता किसको बड़ाई देता है इस पर लक्ष्मण ने कहा कि जिस पर आपकी कृपा होगी वहीं धनुष तोड़ेगा। कहि मृदु बचन बिनीत तिन्ह बैठारे नर नारि। उत्तम मध्यम नीच लघु निज निज थल अनुहारि.। जो जिस लायक था उसे वैसा ही आसान प्राप्त हुआ। शास्त्री जी ने कथा कहते हुए आज की डिजिटल इंडिया पर मोबाइल पर हिन्दू लड़कियों को रील न बनाने की हिदायत दी। श्री श्री 1008 रामेश्वरानंद जी की अध्यक्षता में यज्ञशाला में वैदिक परंपरा के अनुसार हवन-पूजन व यज्ञ का अनुष्ठान कराया जा रहा है। पीलीभीत की साध्वी शालिनी शुक्ला ने श्री राम कथा का रसपान कराया। मुख्य अजमान प्रदीप कुमार बाजपेई उर्फ कल्लू, अशोक मिश्रा, सत्तन दादा, अजय सिंह, वीरू दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### गोविल गुप्ता का परिवीक्षाधीन अधिकारी पद पर चयन



**बेहजम।** थाना नीमगांव के कस्बा सिकंदराबाद निवासी व्यापारी गोविल गुप्ता का परिवीक्षाधीन अधिकारी (एसबीआई पीओ) के पद पर चयन हुआ है। इससे उनके परिवार और व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। व्यापारी सोनू सिंह, अमन मिश्रा, शीबू खां, मोनू गुप्ता आदि ने दुकान पर पहुंचकर बधाई दी और मुंह मीठा कराया। गोविल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई के लिए इलेक्ट्रॉनिक की एक छोटी सी दुकान कस्बे में खोली थी। परिणाम स्वरूप उनका परिवीक्षाधीन अधिकारी पद पर चयन हो गया।

### बाबा श्री गुलरदास आश्रम में किया सीता स्वयंवर का मंचन

**मितौली।** गांव कल्लुआ मोती में बाबा श्री गुलरदास आश्रम में सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ, रास लीला एवं संत सम्मेलन में सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद आदि लीलाओं का मंचन किया गया। राजा जनक के महल में सीता के स्वयंवर में ऋषि विश्वामित्र के साथ राम- लक्ष्मण पहुंचते हैं। विभिन्न देशों के राजा भी आते हैं। शिव धनुष उठाने का तमाम राजा प्रयास करते हैं, लेकिन हिला भी नहीं पाते। ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाते हैं तभी धनुष टूट जाता है। इसी बीच परशुराम पहुंच जाते हैं और क्रोध से आग बबूला हो उठते हैं। क्रोधित परशुराम - लक्ष्मण के बीच वार्तालाप होता है। इसके बाद श्रीराम स्थिति संभाल लेते हैं। सीता के श्री राम के गले में वरमाला डालते ही पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।

### पैदल गश्त कर पुलिस ने संदिग्धों की ली तलाशी

**मितौली।** लोकसभा चुनाव, होली व रमजान के त्यौहार को देखते हुए सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के साथ कस्बे के साथ ही कस्ता, पिपरझला व भीखमपुर में पैदल गश्त की। इस दौरान संदिग्धों और उनके वाहनों की तलाशी भी ली गई। सीओ ने लोगों से कहा कि सभी लोग त्योहार भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। अगर कोई शांति भंग करने या अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव भी मौजूद रहे।

## गोला फेंक प्रतियोगिता में अंशुमान ने जीता गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बीएसए ने कॉलेज पहुंचकर छात्र को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गोकुल के छात्र ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में सौरभ विजेता रहे हैं। बीएसए ने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने पर सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सदर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गोकुल के कक्षा सात के छात्र अंशपाल पुत्र धर्म सिंह ने प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोला फेंक में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार प्रतियोगिता में कक्षा आठ के छात्र सौरभ पुत्र प्रमोद कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने मंगलवार को विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक उमा शंकर त्रिवेदी, सहायक अध्यापक अंजलिना, खेल अनुदेशक राकेश कुमार सिंह सहित मंडल स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली बालिकाओं की वॉलीबॉल टीम को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। वहीं खेल अनुदेशक राकेश कुमार सिंह को भी सहयोग राशि व उत्कृष्ट शिक्षक का प्रशस्ति पत्र देकर प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ को भी सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## ब्रज की होली के साथ हुआ लीला का समापन


अहमदनगर में फूलों की होली खेलते कलाकार। • अमृत विचार


बृज की होली का मंचन देखते विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- क्लेशहरण मंदिर पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचारः** नगर की खुटार रोड स्थित ग्राम अहमदनगर में क्लेशहरण नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। वृंदावन के कलाकारों ने बृज की लट्ठमार होली फूलों की होली का मंचन किया। गोपिकाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को गोपी का वेश बनाकर दर्शकों को खूब हंसाया।

श्री रूद्र महायज्ञ संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर निकाय प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने विधायक अमन गिरि को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजक देवेंद्र मिश्र ने कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र द्वारा श्री रूद्र महायज्ञ में विशेष भूमिका निभाने वाले वालंटियर को श्रीमद्भागवत गीता देकर सम्मानित किया। बच्चों ने मैदान में लगे जंपिंग झूले, चर्खी झूले, मिक्की माउस का जमकर लुत्फ उठाया। आयोजक देवेन्द्र मिश्र ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर सभी का आभार जताया। नगर पालिका अध्यक्ष पत्नी नीता शुक्ला, पूनम शुक्ला, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, धीरज बाजपेयी, विमलेश वर्मा, लवकुश शास्त्री, सत्यप्रकाश अग्रवाल, योगेन्द्र मिश्र रुचि, सरिता आदि मौजूद रहे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### जमीन के विवाद में बाल पकड़ विधवा को घसीटा



**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजा में जमीन के विवाद को लेकर विधवा को बाल पड़कर घसीटा गया जिससे उसके कुछ बाल उखड़ गए। महिला ने कोतवाली पहुंच पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम कन्जा निवासी रामदेवी का कहना है कि उसके पति छोटेलाल की मौत हो चुकी है। वह बेसहारा है, उसकी सहन की जमीन पर पड़ोसी कब्जा करना चाहते हैं। वह घर में थी तभी पड़ोसी ने सहन की जमीन में पौधा लगा दिया। उसने मना किया तो उन लोगों ने मिलकर उसे मार पीटकर उसे बाल पकड़ कर घसीटा, जिससे उसके कुछ बाल उखड़ गए। महिला उखड़े बाल लेकर कोतवाली पहुंची। महिला का कहना है कि उसके पड़ोसी उसकी हत्या कर उसकी जमीन हथियाना चाहते हैं। महिला ने प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## आग से छप्परदार घर और आठ पशुशाला राख, महिला झुलसी


लालापुर में आग से राख हुआ छप्परदार घर। • अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव लालापुर में मंगलवार की शाम आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग से एक घर और आठ पशुशाला (घारियां) जलकर स्वाहा हो गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की मदद से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान एक महिला झुलस गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि आग शाम करीब चार बजे गांव निवासी नेतराम वर्मा के घर पर पड़े छप्पर में पीछे से लगी। जब आग की लपटें उठीं तो जानकारी हुई। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने अग्निकांड की सूचना पुलिस व फायर बिग्रेड को दी और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। भयंकर उठने वाली लपटों ने प्रेमपति, कुंवर चंद, जगतराम, राजेश कुमार, राधेश्याम, छत्रपाल, वीर बहादुर, छोटे लाल के बने पशुशाला को अपनी चपेट में ले लिया। किसी तरह ग्रामीणों ने जानवरो की रस्सियां काटीं और उनकी जान बचाई। सिंगाही पुलिस, फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान वीर बहादुर की मां लज्जावती गंभीर रूप से झुलस गईं। आग से भूसा, पुआल, इंजन, डनलप सहित सारा सामान जलकर राख हो गया।

## शत प्रतिशत मतदान विकसित भारत का संकल्प : भाटी

**पलियाकलां, अमृत विचारः** जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में लोकसभा निर्वाचन में स्वीप योजना के तहत छात्राओं से मतदाता बनवाने व शत प्रतिशत मतदान के लिये संकल्प पत्र भरवाए गये। प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान विकसित भारत का संकल्प है। लोकसभा चुनाव देश में एक राष्ट्रीय यज्ञ की तरह है। इसमें प्रत्येक मतदाता को अपने कर्तव्य की आहुति निष्ठा के साथ देनी होगी। तभी हम एक सक्षम व समृद्ध भारत बना सकते हैं। हमारी वोट की शक्ति एक उदीयमान भारत का सृजन करेगी। सभी नागरिकों को स्वयं के अलावा अपने परिवेश के सभी नागरिकों को मतदाता बनने व मतदान के लिये प्रेरित करना चाहिए। छात्राओं को चुनाव का पर्व,देश का पर्व के संकल्प पत्र वितरित किये गये। उन्हें अपने अभिभावकों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर अवधेश वाजपेयी, अखिलेश वर्मा, रचना मिश्रा, अर्चना शुक्ला, निहाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

मशीनरी दिक्कत | होली का त्योहार नजदीक, राशन के लिए उपभोक्ता रोजाना लग रहे लाइन में

# ई-वेइंग मशीनें नहीं कर रहीं काम, कार्डधारक परेशान

संवाददाता, मैलानी


**अमृत विचारः** कार्ड धारकों को राशन वितरण के लिए शासन ने कोटेदारों को ई-वेइंग मशीनें दी है जो कि जो सर्वर डाउन होने के चलते का नहीं कर रही हैं। इससे कोटेदार के साथ कार्डधारक भी परेशान हैं। कार्डधारकों को पूरा दिन लाइन में लगने के बाद भी राशन नहीं मिल पा रहा है।


ग्राम पंचायत सुआबोझ में अवधेश, कालिका, रामप्रवेज, रमेश, शिवकुमार, राजेंद्र, मैलानी के हरीश बाजपेई, अर्जुन, मंजू देवी आदि कोटेदारों ने बताया कि सर्वर न चलने से कार्ड धारकों का अंगूठा नहीं लग पा रहा है। नई ई-वेइंग मशीनें कोटेदारों की गले की फांस बन गई है। कोटेदार कार्ड धारकों को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सलावत नगर में पात्र गृहस्थी 623 अंत्योदय 152, ग्राम पंचायत सुआबोझ में कुल 11778 उपभोक्ता हैं। वहीं अंत्योदय 1838, पात्र गृहस्थी के 2964 कार्डधारकों का राशन इन्हीं मशीनों पर वितरण होना है। कोटेदारों ने बताया कि होली का त्यौहार नजदीक है। सर्वर न चलने की वजह से कोटे पर कार्ड धारकों की भीड़ लग रही है। एक बार लिंक गायब होने के बाद वापस आने पर 15 से 30 मिनट का समय लगता है। इस वजह से दुकानों में भीड़ बढ़ बनी रहती है। कोटेदार हरीश बाजपेई ने बताया ग्राम सलावत नगर में पांच दिनों से राशन बांटा जा रहा है। लेकिन सर्वर डाउन के चलते पूरे दिन में 25 से 30 कार्ड धारकों को ही राशन दे पा रहे हैं। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है।


मैलानी में राशन की दुकान पर लगी कार्डधारकों की भीड़। • अमृत विचार


बसपा नेता यूसुफ अंसारी ने बताया कि सरकार ने बिना सोचे समझे ही (ई-वेइंग मशीन) कोटेदारों को दे दीं। उनमें सर्वर न होने की वजह से कोटेदारों के साथ कार्ड धारक भी परेशान हो रहे हैं। इससे होली के त्योहार पर भी गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है।


सपा नेता नरेश यादव ने बताया कि सरकार नई व्यवस्थाएं लागू कर रही है, उसके समाधान पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसका खामियाजा गरीब कार्ड धारकों को भुगतना पड़ रहा है। उनको होली के त्योहार पर भी राशन नहीं मिल पा रहा है।


कांग्रेस नेता अवनीश अवस्थी बताते हैं कि बिना सोचे समझे ही ई-वेइंग मशीनें कोटेदारों को उपलब्ध कराकर मशीन और कांटा कनेक्ट किया गया है। होली पर गरीबों को राशन नहीं मिला तो उनकी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।


भाजपा नेता भवानी शंकर माहेश्वरी ने कहा कि कोटे की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण में धांधली न हो इसके लिए ई-वेइंग मशीनें कोटेदारों को दी गई हैं। सर्वर डाउन होने के चलते दिक्कत है। प्रशासन जल्द ही रास्ता निकलेगा।

